तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

11 बच्चे बने शेडो कलेक्टर, एसपी, सीईओ



12 प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से निगम का कामकाज ठप





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा गार्ड बनने का मिलेगा प्रशिक्षण



**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत सुरक्षा गार्ड कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में 18 से 45 वर्ष तक आयु के आठवीं पास और न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले पुरूष आवेदकों से 23 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### समाधान एकेडमी में बाल उत्सव आज

**मगरलोड।** समाधान एकेडमी करेली बड़ी में 20 नवंबर को बाल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कक्षा एलकेजी, यूकेजी व कक्षा 1ली से 4थीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा छोटी-छोटी दुकानों का स्टॉल लगाकर समोसा, भजिया, बड़ा, फ्रूट्स शॉप, गोल-गप्पे, मुर्कू पापड़, स्वीट्स, सलाद, अंकुरित चने, इडली व अन्य डिश बेचे जायेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के लिए आवेदन 3 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के ग्राम पंचायत कोरगांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र तेन्दूभाठा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 3 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए।

### राजपुर में रासेयो शिविर आज से

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 20 से 26 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। शिविर में दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा होगी। 21 नवंबर को पंचायत विभाग, 22 नवंबर को उच्च शिक्षा विभाग, 23 नवंबर को पुलिस विभाग, 24 नवंबर को पत्रकारिता विभाग, 25 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग भाग लेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हरिविनायक सिन्हा जनपद वन सभापति होंगे। अध्यक्षता डॉ प्रभा वेरूलकर प्राचार्य यशवंतराव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड करेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रीतबाई कंवर सरपंच राजपुर, नरेश अग्रवाल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड, विजय यदु अध्यक्ष भाजपा मंडल, जनक सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष राजपुर, पूनम सिन्हा कोषाध्यक्ष, गिरवर यदु सचिव, लीलाबाई यादव उपसरपंच होंगे।

जिले के 19 पूर्व सरपंचों से विभिन्न मदों की राशि की वसूली की जानी है

# हेराफेरी के बाद शासन के लाखों रुपए दबाए बैठे हैं पूर्व सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शासकीय राशि की हेराफेरी के बाद कई पूर्व सरपंच सालों से हजारों रूपए दबाए बैठे हैं। प्रशासन से रिकवरी आदेश निकलने के बाद भी वे राशि नहीं चुका रहे हैं। दो सरपंच ऐसे हैं, जिन पर 15 साल पहले से रिकवरी का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश मामले राजस्व न्यायालयों में लंबित हैं। एक न्यायालय से दूसरे न्यायालय में अपील के चलते मामले वहीं के वहीं अटके हैं।

जब भी पंचायत चुनाव होता है, ग्रामीण बड़े ही विश्वास के साथ अपने मुखिया को चुनते हैं। उन पर पूरे गांव के विकास की जिम्मेदारी होती है। शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन उन्हीं के माध्यम से होता है। कई सरपंच इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं, पर कुछ शासकीय योजनाओं में हेराफेरी कर अपनी जेब भरने से नहीं चूकते हैं। ऐसे ही डेढ़ दर्जन मामले सालों से पेंडिंग हैं, जिनमें पूर्व सरपंचों ने अपने कार्यकाल में हजारों, लाखों की हेराफेरी की है। सरपंचों पर वसूली के कुल 19 मामले हैं जिनमें उनसे 1 करोड़ 5 लाख 32 हजार 738 रूपए की वसूली की जानी थी। अब तक 21 लाख 44 हजार 718 रुपए की वसूली हुई है। अभी भी इन पूर्व सरपंचों से 83 लाख 88 हजार 19 रुपए की वसूली बाकी है। इन मामलों में जांच के बाद पूर्व सरपंचों पर रिकवरी के लिए आदेश भी निकाला गया है, लेकिन पूर्व सरपंच राशि चुकाने की बजाय एक के बाद एक उच्च न्यायालयों में अपील करते जा रहे हैं, जिसके चलते मामला लंबा खींच रहा है। कई मामले तो 14-15 साल पुराने हैं, जिनमें अभी तक पूरी वसूली नहीं हुई है। कुछ पूर्व सरपंच धीरे- धीरे राशि चुकता कर रहे हैं। परंतु कुछ सरपंच ने अब तक रिकवरी के नाम पर शासन के खाते में फूटी कौड़ी जमा नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इन मामलों में वसूली योग्य राशि की गणना मूलभूत राशि से होती है। सालों से पेंडिंग मामलों में यदि ब्याज जोड़ दिया जाए तो राशि कई गुना बढ़ जाएगी।




### कोई खा गया बुजुर्गों की पेंशन तो कोई स्कूल का रुपया

जिन पर लोगों ने भरोसा जताया था और कीमती वोट दिए थे, वही विकास के लिए आई राशि को डकार गए। एक मामले में पूर्व सरपंच ने बुजुर्गों के लिए आई पेंशन की राशि को भी नहीं छोड़ा। समग्र विकास, मूलभूत, पंचायत निधि, रेत रायल्टी, 13वें, 14वें वित्त, रोजगार गारंटी, गौण खनिज मद, मुख्यमंत्री सड़क विकास योजना, स्कूल मद, स्वच्छ भारत मिशन, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, राजीव गांधी सेवा केंद्र निर्माण जैसे कई योजनाओं की राशि में हेराफेरी के मामले हैं।

### सर्वाधिक मामले कुरूद के

पूर्व सरपंचों पर वसूली के कुल 19 मामले पेंडिंग हैं। इसमें से अकेले कुरूद जनपद पंचायत के 10 मामले हैं। यहां ईर्रा और रामपुर के पूर्व सरपंचों के खिलाफ वर्ष 2009-10 से प्रकरण चल रहा है। ईर्रा के पूर्व सरपंच से 9 लाख 29 हजार 385 रुपए की वसूली की जानी थी। इसमें से 7 लाख 49 हजार 31 रुपए की वसूली हो चुकी है। रामपुर के पूर्व सरपंच से 1 लाख 17 हजार 300 रुपए वसूले जाने थे। इसमें से उन्होंने मात्र 15 हजार 300 रूपए ही जमा किए हैं। सिलौटी और थुहा के पूर्व सरपंचों पर 2014-15 से मामला पेंडिंग है। थुहा के पूर्व सरपंच धीरे धीरे राशि जमा कर रहे हैं परंतु सिलौटी के पूर्व सरपंच ने एक रूपए भी जमा नहीं किए हैं। कोकड़ी नारी, अछोटी, चरमुड़िया, बगौद के पूर्व सरपंचों पर भी वसूली का मामला पेंडिंग हैं। दो वर्तमान सरपंच के खिलाफ भी मामला है। इसमें से एक तो इसी वित्तीय वर्ष का है। दोनों मामले कुरूद एसडीएम के न्यायालय में हैं।

### सबसे कम मामले नगरी में

धमतरी और मगरलोड में पूर्व सरपंचों पर वसूली के 4-4 मामले पेंडिंग हैं। देमार के पूर्व सरपंच पर 2008-09 से मामला चल रहा है। मात्र 70 हजार 975 रुपए की वसूली है, परंतु इसमें से एक रूपए की वसूली नहीं आई है। यह मामला आयुक्त कार्यालय में चल रहा है। दूसरा मामला देवरी के पूर्व सरपंच का है, जिन पर वर्ष 2013-14 में आवंटित राशि की वसूली की जानी है। खरेंगा और मुजगहन के पूर्व सरपंच से भी वसूली की जानी है। मगरलोड के बेलोरा, सांकरा, अमलीडीह और चंदना के पूर्व सरपंचों से भी वसूली की जानी है। नगरी जनपद पंचायत में सिर्फ एक मामला पेंडिंग हैं। इसमें बोड़रा के पूर्व सरपंच से वसूली की जानी है।

## किराया नहीं देने पर दुकान सील की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

■ निगम के दुकान किरायादारों को थमाया नोटिस

आयुक्त प्रिया गोयल के आदेश व उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना अंतर्गत नगर निगम के विभिन्न स्थानों पर आवंटित दुकानों के 40 किरायादारों की लिस्ट तैयार कर नोटिस दिया गया। पर्याप्त समय दिए जाने के बाद किराया जमा नहीं किया गया। इसके बाद सभी दुकानदारों को 15 दिनों के अंदर सम्पूर्ण किराये की राशि जमा करने कहा गया है।

वसूली प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि नोटिस की तामिल के बाद उनकी टीम दुकानों में जाकर किराया पटाने कह रही है। नियत तिथि पश्चात बकाया और चालू राशि जमा नहीं करने पर टीम किरायादारी निरस्त कर सील की कार्रवाई करेगी। श्री खान ने बताया कि 42 लोगों को नोटिस दिया गया था जिसमें दो लोगों ने किराया जमा कर दिया है। बाकी 40 लोगों को नोटिस देकर समय दिया गया है।




## चुनाव से पहले आरक्षण नीति में बदलाव की तैयारी

■ 11 और 13 दिसंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जातिगत जनगणना के चलते आरक्षण नीति में फेरबदल की तैयारी है। इसी फेरबदल को मूर्त रूप देने के चक्कर में अब तक पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण के लिए कोई गाइडलाइन नहीं भेजी गई है। अधिकारियों को मौखिक रूप से फेरबदल की सूचना दी गई है। इसके अतिरिक्त कई अन्य कारणों से इस साल चुनाव और पीछे हो गया है।

इस साल चुनाव शेड्यूल काफी पीछे चल रहा है। अब तो मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख भी बढ़ा दी गई है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए 11 दिसंबर और पंचायत चुनाव के लिए 13 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। ऐसे में दिसंबर के पहले सप्ताह में आचार संहिता की उम्मीद पर पानी फिर गया है। अब दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आचार संहिता लगने का अनुमान है। चुनाव जनवरी 2025 में होगा।

जानकारी के अनुसार इस साल चुनाव में आरक्षण नीति में भी बदलाव किया जाना है। इसके लिए कैबिनेट की बैठक का इंतजार है। कैबिनेट की बैठक में नीति में बदलाव को अंतिम रूप दिया जाएगा। नीति में बदलाव होने से चुनाव पर काफी असर पड़ेगा। हो सकता है कि आरक्षण चक्रानुक्रम में भी बदलाव आए या नए सिरे से चक्रानुक्रम शुरू किया जा सकता है।

### बढ़ेंगे वोटर

पहले मतदाता सूची 1 जनवरी 2024 की स्थिति में बनाई जानी थी। यानी कि इस तारीख तक 18 साल पूरे कर चुके युवाओं को मतदान करने का मौका दिया जाता। अब इसे 10 माह बढ़ा दी गई है। अब 1 अक्टूबर 2024 को 18 साल पूरा करने वाले युवाओं का नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। इससे जिले में मतदाताओं की संख्या में आंशिक वृद्धि होगी। मतदान केंद्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने सहित संशोधन का काम चल रहा है।

शिविर में पहुंचे 26 सस्पेक्टेड लोगों का लिया गया सेंपल

## जिला अस्पताल में लगा कैंसर जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला अस्पताल में आयोजित कैंसर जांच शिविर में पहुंचे कैंसर के 26 सस्पेक्टेड लोगों का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

ओपीडी भवन में मंगलवार को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंसर के कुल 26 संभावित मरीजों ने पंजीयन कराया जिनमें 7 पुरूष व 19 महिलाएं हैं। शिविर पहुंचने वालों में स्त्री कैंसर रोग के 14, मेडिकल आनकोलाजी के 12, ब्रेस्ट मेमोग्राफी जांच के 6 व पेप्सपियर जांच के लिए 5 का सेंपल लिया गया। सेंपल जांच की रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित मरीजों का समुचित उपचार शुरु किया जाएगा। एमएमआई नारायणा हास्पिटल के डा. देवव्रत हिशीकर कैंसर रोग सलाहकार एवं डा. नेहा जायसवाल में कैंसर जांच के लिए समय- समय पर शिविर लगाया जाता है।



वर्तमान में अस्पताल की हमर लैब में कैंसर जांच के लिए एमएनएससी की सुविधा मिल रही है। अस्पताल में कैंसर पीड़ित मरीजों को कीमोथैरेपी की जा रही है, लेकिन कई जांच यहां नहीं हो पाती, जिसके लिए मरीजों को एम्स, मेकाहारा व मेडिकल कालेज रिफर किया जाता है। निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान योजना के तहत कैंसर पीड़ित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इस वर्ष जिला अस्पताल में 41 मरीजों की कीमोथैरेपी चल रही है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से कैंसर मरीजों का निःशुल्क उपचार होगा। शिविर में एनसीडी क्लिनिक के समस्त कर्मचारी एवं नारायणा हास्पिटल के स्टाफ मौजूद थे।



## मंडी में धान की आवक बढ़ी, रेट भी उछला

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कृषि उपज मंडी में धान की आवक के साथ दाम में भी इजाफा हुआ है। गोल्डन सांभा, आईआर जैसे वैरायटी के धान को अच्छी कीमत मिल रही है। अभी भी कीमत बढ़ते क्रम में है। खरीदी केंद्रों में टोकन की समस्या के चलते मिंजाई आदि का भुगतान चुकता करने के लिए मंडी में किसान धान लेकर पहुंच रहे हैं।

समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है लेकिन अंचल में इससे कहीं अधिक उत्पादन होता है। सरोना, गोल्डन सांभा जैसे वैरायटी में तो प्रति एकड़ 30-32 क्विंटल धान का उत्पादन होता है। ऐसे में खरीदी केंद्रों से बिकने से जो धान बच जाता है, उसे किसान मंडी में खपाते हैं। यही नहीं अभी खरीदी केंद्रों में टोकन की समस्या है। किसानों को मिंजाई, कटाई, रबी बोनी सहित अन्य कार्यों के लिए रूपए की जरूरत है। ऐसे में किसान



कृषि उपज मंडी में धान लेकर पहुंच रहे हैं। रोजाना मंडी में करीब डेढ़ हजार कट्टा धान बिक रहा है। यहां भी किसानों को धान का मूल्य संतोषप्रद मिल रहा है। जानकारी के अनुसार दिवाली के बाद 6 नवंबर से मंडी खुली तब से धान के रेट में उछाल है। 6 नवंबर को मंडी में गोल्डन सांभा 2381 रुपए प्रति क्विंटल बिका था। बुधवार को इस वैरायटी का धान 2436 में बिका। आईआर 64 का दाम लगभग स्थिर है। मंडी खुलने पर यह 2334 रुपए क्विंटल में बिका था। बुधवार को 2323 रूपये में बिका। सांभा 2450, सरोना 2260, ओमश्री 2550 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

खाद्य सामग्रियों की जांच महज औपचारिकता : नागरिकगण

# जांच रिपोर्ट आने से पहले खप जाती हैं मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

खाद्य विभाग द्वारा दीपावली से पहले जिले के कई मिठाई दुकानों एवं विभिन्न खाद्य दुकानों में सेंपल लिए गए थे। सेंपल लेने के बाद जांच रिपोर्ट आते तक सभी सामान बिक जाते हैं। खरीदार दुकानों से खोया, बर्फी, गुलाब जामुन, रसगुल्ले, पनीर, लड्डू आदि हजम कर लेते हैं। इसके बाद अगर रिपोर्ट आई तो इसे महज औपचारिकता ही कहा जाएगा।

खाद्य विभाग के फनेश्वर पिथौरा ने बताया कि दिवाली से पहले जिले की सभी दुकानों से सामानों का सेंपल लिया गया था जिसकी जांच 15 दिन में आ गई है। जांच सेंपल में मिठाई दुकान, किराना, डेलीनीड्स, दूध डेयरी आदि की दुकान शामिल है। सेंपल फेल होने पर प्रकरण बनाकर कानूनी कार्रवाई की जाती है।


फाइल फोटो

### मोबाइल वैन की व्यवस्था हो

नागरिकों का कहना है कि जिले में सैकड़ों मिठाई की दुकानें हैं। इसकी जांच के लिए मोबाइल वैन की व्यवस्था होनी चाहिए। मोबाइल वैन टीम के साथ चलने से जांच रिपोर्ट तत्काल आएगी। मिठाई प्रमाणिक न हो तो उसे तत्काल डिस्पोज कर देना चाहिए ताकि खराब सामान ग्राहकों के साथ न लगे। मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों को बीमार होने से बचाया जा सकता है।

इधर शहर के नागरिक विहान शर्मा, आरव साहू, शौर्य चौहान, अयान शर्मा आदि कहना है कि खाद्य सामग्रियों की जांच महज औपचारिकता ही रह गई है। सेंपलिंग के 15 दिन बाद तक सभी सामान खप जाते हैं। सामान की गुणवत्ता की जानकारी ग्राहकों को नहीं हो पाती। जानकारी होने से पहले सामानों का ग्राहक उपयोग कर लेते हैं। इस बार भी त्योहार से पहले दुकानों से सेंपलिंग ली गई। त्योहार बीत जाने के बाद रिपोर्ट आई तो इसका क्या मतलब रह गया। जिले में 500 से अधिक मिठाई और खाद्य दुकानें हैं। जांच रिपोर्ट में लेट होने से नकली मिठाइयों के कारोबार में भी तेजी आती है। दीपावली में करोड़ों की मिठाइयां बिक जाती हैं। ऐसे में बड़ी तादाद में नकली मिठाई के बिक जाने का अंदेशा है। नियम तो यह होना चाहिए कि जिस दुकानों का सेंपल लिया गया है, उसकी रिपोर्ट तत्काल आनी चाहिए। लेट लतीफी में दुकान सील होनी चाहिए।

### जुर्माने व सजा का प्रावधान कड़ा हो


लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों व मिठाइयों में अमानक पाए जाने पर अधिक से अधिक जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। मामला अगर गंभीर हो तो कानूनी कार्रवाई करके सजा दिलवाने का प्रयास होना चाहिए। स्टैंडर्ड ब्रांड के खाद्य पदार्थों को बेचने की परमिशन के साथ मिठाइयों का निर्माण तिथि, अवसान तिथि का अंकित होना आवश्यक है। एक्सपायरी डेट नहीं लिखे जाने के कारण कई मिठाई महीनों तक बेची जाती है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### श्रद्धांजलि योजना की राशि भेंट की

**नगरी।** वार्ड क्रमांक 6 निवासी राजकुमारी निर्मलकर की मृत्यु उपरांत श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रुपये उनके पुत्र प्रकाश निर्मलकर को नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा एवं पार्षद भूपेन्द्र साहू द्वारा प्रदान की गई।

### विशाल मछुआरा सम्मेलन 21 को

**अंवरी।** विश्व मत्स्यकी दिवस पर विशाल मछुआरा सम्मेलन का आयोजन बिलासपुर में 21 नवंबर



को किया जा रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री सेवकराम तारक ने बताया कि सभा के पश्चात एक रैली के जरिये अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## निधन

### बिंदाबाई सार्वा

**सिर्री।** ग्राम मेंडरका निवासी बिंदाबाई सार्वा 102 वर्ष का निधन 16 नवंबर शनिवार को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वह तिजऊ, रामना, रामाधार की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### डीलेश्वर साहू

**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी डीलेश्वर साहू उम्र 25 वर्ष का खराब स्वास्थ्य के चलते आकस्मिक निधन 19 नवंबर मंगलवार को हो गया।



वे रवि साहू के पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। उनकी शवयात्रा में श्रद्धांजलि अर्पित करने समाजजन सहित ग्रामीणों की भीड़ रही।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### बगदेही स्कूल की छात्रा एक दिन के लिए बनी सीडीपीसीएल की शैडो ईई

# शेडो ऑफिसर बनकर नम्रता ने विद्युत विभाग के कामकाज को समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय हाई स्कूल बगदेही की छात्रा नम्रता साहू ने एक दिन के लिए शेडो ऑफिसर बनकर विद्युत विभाग अंतर्गत होने वाले कामकाज को समझा एवं कार्यपालन अभियंता से मन में उठ रहे सवाल कर जिज्ञासा शांत की साथ ही बिजली गुल की स्थिति में होने वाली समस्याओं से अवगत करा इसे जल्द से जल्द दूर किये जाने की बात कही।

कलेक्टर के आदेशानुसार बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी के कर्तव्य एवं कार्यालय संचालन करने की व्यवस्था से अवगत कराने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एक दिन के लिए शेडो ऑफिसर बनाया गया। इसी आदेश के तारतम्य में शास. हा. से. स्कूल बगदेही की कक्षा 12वीं की छात्रा नम्रता साहू विद्युत विभाग छ. स्टेट पॉ. डिस्ट्री. कंपनी लिमिटेड संभाग कुरुद के कार्यपालन अभियंता



जीके बंजारे के कार्यालय में शेडो ऑफिसर की भूमिका में प्रातः 10 बजे कार्यालयीन समय पर उपस्थित हुईं जिसका गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। ईई बंजारे द्वारा नम्रता साहू को विद्युत विभाग के कार्यों की जानकारी दी गई एवं कर्तव्यों व अधिकारों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सहायक यंत्री एलएल ध्रुव, अनुभाग अधिकारी टीआर निषाद, खेमलाल साहू शिक्षक बगदेही एवं अन्य कार्यालयीन कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिजली चोरी रोकने व स्मार्ट मीटर की दी जानकारी

छात्रा नम्रता साहू को बताया कि विद्युत विभाग प्रशासन अंतर्गत आने वाला वह विभाग है जो उपभोक्ताओं को बिजली के उत्पादन और आपूर्ति के लिए ज़िम्मेदार होता है। जिस पद पर मैं हूं उसे कार्यपालन अभियंता कहा जाता है। मेरा काम मेरे से नीचे जूनियर इंजीनियर स्तर के अधिकारियों के साथ तकनीकी मैदानी स्तर के कर्मचारियों पर नियंत्रण रखना और उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करना होता है। उन्होंने स्मार्ट मीटर से कैसे बिजली चोरी रोकी जा सकती है, इस पर भी जानकारी दी।

# किसानों को मसूर बीज का निःशुल्क वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम गुहाननाला में कृषक प्रशिक्षण एवं मसूर बीज प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के माध्यम से किया गया। इस दौरान भूजल स्तर को बनाये रखने के लिए किसान आगे आ रहे हैं। धान के अलावा अन्य फसल लेने का निर्णय ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के माध्यम से किसानों को मसूर बीज का निःशुल्क वितरण किया गया।

मौके पर डॉ. दीपक चंद्राकर वैज्ञानिक दलहन, डॉ. प्रेमलाल साहू शल्य वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि बंशीलाल सोरी कृषि सभापति जपं नगरी, शिवप्रसाद नेताम सरपंच कौहाबाहरा, संजय मरकाम किसान मित्र समेत अमृतलाल, रामलाल, किसन, हीरालाल, कलाराम, मंगल, जयलाल, जेठूराम, प्रभुराम, राजाराम, बंशीलाल, संजय, रामलाल, सोनाईबाई उपस्थित थे।

### सरकारी आवास में चोरी का आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

# जुआ-गांजा, शराब पर प्रशासन मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों गांवों में जुआ, गांजा, शराब की बिक्री का खेल जोरों पर चल रहा है। पुलिस एवं आबकारी विभाग जानकर भी अनजान है। पुलिस थाना के आसपास मुख्यालय में गांजा, जुआ, शराब से वातावरण दूषित हो गया है। ग्राम मेघा, अरौद, गिरौद, मोहंदी, भोथीडीह, करेली बड़ी सहित दर्जनों गांव में गांजा, जुआ ,शराबखोरी फल फूल रही है।

नशे की लत से बेरोजगार ,गरीब, मजदूर अधिक प्रभावित हैं। नशे में गाली- गलौज ,मारपीट जैसे अपराध को अंजाम दे रहे हैं। बच्चों की हरकत से पालक सहित परिवार परेशान हैं। प्रशासन की लाख



कोशिश है कि अवैधानिक कार्य पर रोकथाम आवश्यक है। विभागीय अधिकारी कर्मचारी के गैर जिम्मेदारना रवैये से असामाजिक कार्य को बढ़ावा मिल रहा है।

### नशे से अपराध में बढ़ोतरी

ब्लॉक मुख्यालय सहित गांव में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। इससे अपराध की घटना आम बात हो गई है। मुख्य चौक चौराहों , युवाओं का जमघट , छोटी-छोटी बात पर लड़ाई झगड़ा हो रहा है। नशे में वाहन चलाकर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं।

### निभाई जा रही औपचारिकता

आपराधिक कार्य को रोकने पुलिस विभाग द्वारा जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है। इससे अपराधियों का हौसला बढ़ता जा रहा है।

### युवा नशे की चपेट में

गांजा, जुआ, शराब की चपेट में युवा वर्ग हैं। कुछ रूपयों के लिए चोरी, डकैती करना आसान हो गया है। पान दुकान, होटल, सूने घर में चोरी के आरोपी को पकड़ने में पुलिस नाकाम हो रही है। ब्लॉक मुख्यालय में थाने से 200 मीटर दूर सरकारी आवास में घर का ताला तोड़कर हल्दी, मिर्च, मसाला, धनिया, टीवी, कुकर सहित घरेलू सामान की चोरी हो गई है। किंतु आज तक चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# अंतर-महाविद्यालयीन बॉक्सिंग में तनुजा ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्र तनुजा का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ है। विदित हो कि 18 नवंबर को योगानंदम छग महाविद्यालय रायपुर में सेक्टर स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों के टीमों ने भाग लिया था। यहां संत गुरू घासीदास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की महिला टीम की खिलाड़ी तनुजा के बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा करने के कारण उनका चयन पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम के लिए हुआ है।



खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एम.एस.साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बी.आर.देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टंडन, डॉ. फिरोज सोनवानी समेत महाविद्यालयीन परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आनन-फानन में आधी अधूरी तैयारी के साथ होगा मॉक टेस्ट

■ परख सर्वेक्षण 2024 की तैयारी को लेकर प्रत्येक शाला में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

परख सर्वेक्षण 2024 की तैयारी को लेकर प्रत्येक शाला में कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमीं में मॉक टेस्ट का आयोजन आधी अधूरी तैयारियों के बीच कराने से पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में रोष है। राज्य कार्यालय द्वार आनन-फानन में मॉक परीक्षा का आयोजन किए जाने का आदेश जारी किया गया है। विद्यालय में अभी तक फंड भी नहीं दिए जाने के बाद उच्च अधिकारियों ने उक्त परीक्षा के आयोजन हेतु शाला अनुदान की राशि का उपयोग करने का निर्देश जारी किया है। वहीं फंड जारी नहीं होने से पहले से ही विद्यालय की संचालन व्यवस्था चरमराई हुई है।

विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं शिक्षक अपनी जेब से विद्यालय चलाने पर मजबूर हो गए हैं । विद्यालय में चाक, डस्टर, रजिस्टर एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए विद्यालय को समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। ऐसी स्थिति में परख सर्वेक्षण के नाम पर पुनः उच्च अधिकारियों द्वारा शाला अनुदान राशि का उपयोग किए जाने के आदेश जारी होने से शिक्षकों में रोष है।

वनांचल क्षेत्र में न नेट की व्यवस्था है और न ही प्रिंट की। प्राथमिक, माध्यमिक शाला में परीक्षा के आयोजन हेतु शिक्षकों को अपनी जेब पर भार देना पड़ रहा है। आदेश में शाला अनुदान के उपयोग किये जाने का निर्देश तो उच्च अधिकारियों ने जारी कर दिया पर यह नहीं बता पा रहे कि शाला अनुदान कब तक आएगा।

पूर्व में अगस्त, सितम्बर तक शासकीय स्कूलों को अनुदान जारी कर दिया जाता था किन्तु वर्तमान सत्र बीतने वाले है किन्तु स्कूलों को किसी भी प्रकार का अनुदान जारी नहीं किया है। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि पूरा शैक्षिक सत्र निकलने को है किन्तु आजपर्यन्त शाला अनुदान का पता नहीं है। नवाचार और शैक्षिक गुणवत्ता के नाम पर विभिन्न प्रकार के आयोजन हेतु शिक्षक स्वयं की राशि खर्च कर विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि परख सर्वेक्षण 2024 की मॉक परीक्षा का आयोजन 18, 25 , 29 नवम्बर को लिए जाने का निर्देश जारी किया है जिसमें वाट्सअप के माध्यम से प्रश्न पत्र एवं ओएमआर सीट भेजी गई है जिसे प्रिंट कराने में 11 से 13 रूपये प्रति विद्यार्थी खर्च आ रहा है। वर्तमान में स्कूल में किसी भी प्रकार का अनुदान नहीं होने के कारण शिक्षकों को खुद की जेब से खर्च उठाना पड़ रहा है। आनन-फानन में आधी अधूरी तैयारी के साथ आयोजित मॉक टेस्ट किये जाने का संगठन ने विरोध किया है।

संघ के कमल सर्वा, छगन लाल साहू तोमन साहू, राम कृष्ण ठाकुर, यशवंत सिन्हा, चंदन सिंह तुरंग, एसके साहू, अशोक देवांगन कुंदन साहू, चंपा चंद्राकर, तनुजा घोरपडे समेत अनेक शिक्षकों ने विरोध दर्ज किया।

# कर्मचारियों की हड़ताल से आधार सेवा ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद तहसील अंतर्गत संचालित आधार सेवा केंद्र के संचालक सुजीत साहू ने बताया की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के समर्थन के कारण आधार सेवा बंद है। आधार से संबंधित कोई भी कार्य के लिए लोग सेंटर पहुंचकर निराश होकर वापस लौट रहे हैं। छग आधार सेवा संघ ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर यह निर्णय लिया है। यूआइडीएआइ द्वारा जारी गाइडलाइन व चिप्स छग द्वारा इन हाउस मॉडल प्रोजेक्ट के तहत समस्त ऑपरेटरों को आधार किट प्रदान करने व 7 साल से सेवा दे रहे समस्त ऑपरेटरों को नियुक्ति के संबंध में व अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। नेतराम साहू, भीष्म साहू जनपद पंचायत, ओमन साहू नगर पंचायत ने उनकी हड़ताल को समर्थन दिया है।



### भाठागांव स्कूल में बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शाउमा शाला भाठागांव के छात्रों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक आफ बड़ौदा भाठागांव के कैशियर युगलकिशोर ध्रुव तथा क्रेडिट आफिसर प्रीति रंगारे ने बैंक से संबंधित जानकारी दी। लोन के बारे में भी बताया। मौके पर प्राचार्य आशालता साहू, व्याख्याता ममता रानी वारदे, ओपी कुर्रे, मोनिका देवांगन उपस्थित थे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी हरीश देवांगन ने किया।

### जिले में अब तक 3 लाख क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जा रहा है।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 7 हजार 190 पंजीकृत किसानों से कुल तीन लाख 228 क्विंटल 80 किलोग्राम धान का उपार्जन किया गया है। इसी तरह 20 नवम्बर को धान खरीदी के लिए 2 हजार 105 किसानों का टोकन 95 हजार 714 क्विंटल धान खरीदी हेतु जारी किया गया है।

### मेघा महानदी पुल का पिलर टूटने से आवागमन बंद, नेता मौन, जनता परेशान

# दो माह बाद भी नहीं बना वैकल्पिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

21 सितंबर की अर्धरात्रि को मेघा महानदी पुल का पिलर टूटने से दरार आ गई। इससे मेघा महानदी पुल से आवागमन पूर्णतः बंद है। दूसरे दिन से लोग अव्यवस्था से अब तक जूझते आ रहे हैं। मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद हुए पूरे दो माह बीत चुके हैं। प्रशासन द्वारा आज तक वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया है। जनता महानदी पार करने के एनीकट मार्ग से जान जोखिम में डालकर आना-जाना करने मजबूर हैं। ज्ञात हो कि जल संसाधन विभाग द्वारा महानदी का पानी संग्रहण के लिए एनीकट बनाया गया है। शाम को मोटर साइकिल की हेडलाइट से वाहनों के टकराने व गिरने का भय बना रहता है।

महानदी पुल मार्ग बंद है। एनीकट पहुंच मार्ग अत्यधिक खराब है। रास्ते में बोल्डर, पत्थर पड़ा हुआ है। आने जाने वाले राहगीर प्रतिदिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आम जनता में शासन प्रशासन सहित नेताओं के प्रति जनाक्रोश बना हुआ है।

### कब जागेगा प्रशासन

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने से मगरलोड क्षेत्रवासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। व्यापार चौपट हो गया है। स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन सेवा ठप हो गई है। अन्नदाता किसान को धान बिक्री करने कुरूद मंडी जाने परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





### जनसमस्या पर नेताओं की बोलती बंद

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद हुए दो माह बीत चुके हैं। क्षेत्रवासी आवागमन की समस्या से जूझ रहे हैं। किंतु आज तक किसी नेताओं ने वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए शासन प्रशासन से चर्चा नहीं की। जनसमस्या पर नेताओं की बोलती बंद है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष सभी मौन है। जनसमस्या में राजनीति नहीं होकर व्यवस्था सुधारने पहल आवश्यक है।

**नये पुल बनाने से पहले वैकल्पिक मार्ग जरूरी**

मेघा महानदी नया पुल बनाने शासन द्वारा 46 करोड़ रूपये राशि स्वीकृत की गई है। पुल निर्माण को पूर्ण होने में लगभग चार-पांच वर्ष का समय लग सकता है। यह खुशी की बात है कि मेघा महानदी में आवागमन की उपयोगिता को ध्यान में रखकर नए पुल की स्वीकृति प्राप्त हुआ है। किंतु विडंबना यह है कि वर्तमान में मेघा महानदी पुल खराब होने से आवागमन बंद हो चुका है। क्षेत्रवासी परेशान हैं। वर्तमान में आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। प्रशासन जनहित में वैकल्पिक मार्ग निर्माण प्रक्रिया को अतिशीघ्र शुरू करें।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद - 1, जिला धमतरी**

क्रमांक / / वा.-1/ ना.तह. / 2024
कुरूद, दिनांक 13/11/2024

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202405131500044 /अ-5/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिक को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मानसिंग पिता स्व. भंगी रात्रे वगैरह निवासी ग्राम जी जामगांव तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 89 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत पेश किया है कि आवेदकगण के पिता भंगी रात्रे पिता दुखु सतनामी के द्वारा विक्रेता गुलाबदास पिता बनवाली सतनामी से विक्रय मूल्य 500 / रु. में ग्राम जी जामगांव स्थित भूमि पुराना ख.नं. 744 रकबा 0.80 एकड़/ 0.324 हे. भूमि को दिनांक 26.02.1969 को क्रय कर आज दिनांक तक उक्त भूमि पर आवेदकगण काबिज होकर कास्त कर रहे है। आवेदकगण के पिता भंगीराम का मृत्यु हो गया है, तथा आवेदकगण भंगीराम के जीवनकाल से ही उक्त भूमि पर काबिज होकर कास्त कर रहे है। बंदोबस्त के पूर्व आवेदकगण की भूमि पुराना ख.नं. 744 रकबा 0.80 एकड़ /0324 हे भूमि दर्ज थी, जो कि बंदोबस्त पश्चात ख.नं. 744 परिवर्तित होकर नया ख.नं. 287 निर्मित हुआ है तथा बंदोबस्त के पश्चात वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक नीलकंठ पिता मेहत्तर के नाम पर दर्ज हो गया है तथा उक्त भूमि पर आवेदकगण काबिज होकर निर्विवादित रूप से कास्त एवं कब्जे में है। जिसका सुधार करने हेतु आवेदन मय बी 1 नक्शा खसरा एवं न्यायालय अपर कलेक्टर के आदेश की छायाप्रति सहित आवेदन पेश किये जाने से न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो, इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 28.11.2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद- मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
कुरूद

**न्यायालय तहसीलदार मगरलोड जिला धमतरी छ.ग.**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र. क्रमांक 202410132300009/अ-6/ वर्ष 2024-25

ग्राम सिहाद प.ह.नं. **20** तहसील भखारा

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम सिहाद पटवारी हल्का नं. 20 तहसील भखारा स्थित भूमि खाता क्रमांक 440 में दर्ज खसरा नं. 880 रकबा 0.230 हे. एवं खाता क्रमांक 439 में दर्ज भूमि खसरा नं. 831 रकबा 0.200 हे. भूमि स्वामी प्रेमशंकर पिता भगवानधर के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी प्रेमशंकर दीवान की निःसंतान फौत दिनांक 25/12/2017 को हो चुकी है। मृतक प्रेमशंकर दीवान के निकटतम वारिस में आवेदकगण भाई विद्याशंकर दीवान, रमाशंकर दीवान, बहन मंजूला, मालती है। इसके अतिरिक्त और कोई विधिक वारिसान नहीं होना बताया है। राजस्व अभिलेखों से मृतक प्रेमशंकर दीवान का नाम खाता से विलोपित कर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र मय अभिलेखों की नकल न्यायालय में पेश किया है।

अतएव आवेदकगण के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक **27/11/2024** तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **13/11/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

**न्यायालय नायब तहसीलदार मगरलोड जिला धमतरी छ.ग.**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./202410131300009/अ-6/वर्ष 2024-25

ग्राम सिंगपुर, तहसील मगरलोड

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक चैतराम पिता स्व. मोतीराम साहू निवासी व कास्तकार ग्राम-सिंगपुर तहसील-मगरलोड, जिला-धमतरी छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन में आवेदक के पिता मोतीराम की मृत्यु वर्ष 1999 में हो चुकी है तथा स्व. मोतीराम ने अपने जीवनकाल में ग्राम सिंगपुर, मौजा सिंगपुर, प.ह.नं. 84 रा.नि.मं. मगरलोड, तह. धमतरी, जिला-रायपुर (मध्यप्रदेश) में भूमि खसरा नंबर 62/1 ख, 63/3 ख रकबा 0.87 एकड़/0.352 हे. वर्तमान खसरा नंबर 120 भूमि दिनांक 02-08-1994 को विक्रेता मोहयुद्दीन निवासी सिंगपुर से क्रय किया था। उक्त बिक्री पत्र को विधिवत प्रमाणीकरण कराने तथा आवेदित भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने हल्का पटवारी को दिया था तथा दिनांक 03-08-1994 नामांतरण पंजी क्रमांक 595 को बिक्रीत भूमि को आवेदक के पिता मोतीराम के नाम दर्ज करने का आदेश किया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि वर्तमान ख.नं. 120 के संबंध में राजस्व रिकार्ड निकाला गया तो उक्त भूमि मोहम्मद रियाज पिता मोहियुद्दीन वगै. के नाम पर दर्ज है जबकि उक्त आवेदित भूमि ख.नं. 120 को आवेदक के पिता के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय बैनामा के आधार पर क्रय किया गया है तथा विधिवत नामांतरण की कार्यवाही पंजी क्र. 595 में दर्ज है। अतएव आवेदक द्वारा बिक्रीपत्र, रिनंबरिंग, पुराना नामांतरण की छायाप्रति के साथ भू-राजस्व की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस व्यक्ति/सह खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक **04-12-2024** तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
मगरलोड

**खबर संक्षेप**



## सानिध्य और आदित्य का नेशनल गेम्स क्रिकेट में चयन


**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बस्तर के 11वीं कक्षा के 2 छात्र सानिध्य सिंह ठाकुर और आदित्य कोर्राम का चयन स्कूल नेशनल गेम्स क्रिकेट के लिए हुआ है। दोनों छात्र आने वाले जनवरी में 68वीं स्कूल नेशन गेम्स जो कि पटना (बिहार) में होना है जहां उन्हें अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। बस्तर जिला क्रिकेट संघ के सचिव केदार ठाकुर के मुताबिक दोनों छात्र बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं पिछले साल भी ये दोनों राष्ट्रीय स्तर क्रिकेट स्पर्धा में खेले थे। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल मनोज सिंह कोच सागर शर्मा और प्योर स्कूल के स्टाफ ने इन्हें बधाई देते और बेहतर भविष्य की कामना की।

## सतनामी समाज का शपथ ग्रहण



**जगदलपुर।** स्थानीय सतनाम भवन में विगत दिवस अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम समाज द्वारा सतनाम भवन में रखा गया था जिसमें अध्यक्ष देवराज खूंटे एवं उनकी नई कार्यकारिणी ने शपथ लिया। कार्यकरणी में उपाध्यक्ष हेमंत ओगर, सचिव आसमान चंदेल, सह सचिव रोहित चंदेल, तुषार, ढीढी कोषाध्यक्ष त्रिलोचन ओगर, सह कोषाध्यक्ष मनोज भारती, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र बघेल तथा अन्य ने शपथ ली। शपथ समाज के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी लाभूराम ओगर, इन्दर प्रसाद बंजारे, हीरालाल चंदेल के द्वारा करवाया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समाज के सभी संत जन एवं महिलायें अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

## कबूतर के चलते एक घंटे बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** शहर में लगभग एक बजे मेन रोड सहित 4-5 से वार्डों में बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं ने पॉवर हाऊस में शिकायत की। इस पर जगदलपुर जोन के कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में आधा दर्जन कर्मचारियों ने सर्चिंग की। सर्चिंग में पता चला कि पॉवर हाऊस उपकेन्द्र में कबूतर चला हुआ मिला। बताया जा रहा है कि कबूतर के चलते उपकेन्द्र के 11 केव्ही का जम्फर कट गया, जिससे विजय वार्ड, प्रवीर वार्ड, प्रतापगंज वार्ड, सदर वार्ड सहित मेन रोड के लगभग 5 हजार उपभोक्ता परेशान रहे। कर्मचारियों ने एक घंटे तक सुधार करने के बाद बंद बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### विभागों में किए जा रहे कार्यों को जिले के 202 बच्चों ने करीब से जाना और समझा

# बच्चे बने शेडो कलेक्टर, एसपी, सीईओ







- अधिकारियों ने दी विभागीय कार्य और योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां जैसे खेलकूद, कला, वैज्ञानिक शोध से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न रोचकपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न हाई एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं में अध्ययनरत कुल 202 बच्चे विभागीय कार्यों और गतिविधियों को करीब से जानने एवं समझने के लिए शेडो अधिकारियों की भूमिका में नजर आए। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर, एसपी, सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके कार्यालयों में सम्पर्क किया और विभागीय कार्यों को समझा एवं जाना। बच्चों ने शासकीय कार्यालयों में किए जा रहे कार्यों, वहां संचालित होने वाली योजनाओं, कार्यक्रमों और अधिकारियों की जिम्मेदारियों को करीब से देखा। बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक अधिकारियों से सवाल भी किए और भविष्य में उनकी क्या बनने की योजना है, उसे अधिकारियों के साथ साझा किया। विभागीय अधिकारियों ने बच्चों का आत्मीय स्वागत किया और अपने-अपने विभागों में संचालित हो रहे कार्यों, योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि शेडो अधिकारियों के कार्यक्रम का आयोजन बाल दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इसका उद्देश्य है कि छात्र अधिकारियों के कार्यों को देखें, समझें और उसे देखकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें। छात्र जीवन में जो स्कूल का समय होता है, वह सबसे सुनहरा समय होता है।

बता दें कि शाउमावि सांकरा के कक्षा 12वीं के विद्यार्थी प्रवीण साहू ने शेडो कलेक्टर, शाउमावि मरौद के मोहनीश जांगड़े शेडो एसपी, शाउमावि मेघा की द्रोपती निषाद शेडो सीईओ जिला पंचायत, शाउमावि मरौद के छात्र हर्षकुमार शेडो अपर कलेक्टर और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भोथली की युक्ति साहू शेडो जिला शिक्षा अधिकारी की भूमिका में नजर आईं तथा इन अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों को करीब से समझा। मौके पर सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, डीएमसी भुवन जैन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### शेडो अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए

**1** शेडो अधिकारियों ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर के समक्ष चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए। **शेडो कलेक्टर प्रवीण** ने बताया कि जिस नाम के पीछे कलेक्टर शब्द लग जाए, वह अपने आप में गौरवान्वित महसूस करता है। यह क्षण मेरे जीवन की स्वर्णिम यादों में शामिल रहेगा।

**2** **शेडो डिप्टी कलेक्टर तनिशा जैन** ने कहा कि आज हमने बड़े ही करीब से यह देखा कि हमारे अधिकारी कैसे काम करते हैं। हमने एनआईसी, स्वान में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस, खाद्य विभाग, कोषालय में वेतन एवं अन्य बिलों की व्यवस्था, जाति प्रमाण पत्र आदि के कार्यों को देखा और समझा। उन्होंने कहा कि हर चुनौती को स्वीकार कर कुछ सीखें और जीवन में आगे बढ़ें।

**3** **शेडो कृषि अधिकारी दीपांशु यादव** ने बताया कि जिला प्रशासन की यह सराहनीय पहल है। इसका आयोजन हर साल होना चाहिए, ताकि और बच्चों को इसका लाभ मिल सके, जिससे बच्चे जिले को शिक्षा के सर्वोच्च शिखर पर ले जा सकें।

### एक दिन के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी भर के अधिकारी बनें



इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ने की राह बताना है। आपकी उम्र जीवन में सही राह या लक्ष्य निर्धारित करने की है। आप सभी एक दिन के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी भर के अधिकारी बनें, उसके लिए जरूरी है कि आप एक ध्येय बनाकर आगे बढ़ें।

## विधायक ने पचपेड़ी में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



- स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने ग्राम पचपेड़ी में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल में बने अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण एवं गायत्री भवन का बतौर मुख्य अतिथि भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को मोटिवेट कर सोशल मीडिया का सदुपयोग करने के बारे में सीख दी।

सोमवार को विधायक श्री चंद्राकर ने पचपेड़ी में करीब 40 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों को समग्र विकास के लिए सामाजिक भागीदारी निभाने आगे आने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त किया गांव के उत्तरोत्तर विकास के लिए पचपेड़ी को किसी भी क्षेत्र में कमी होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने 11 वीं, 12 वीं के छात्र-छात्राओं से उनकी रुचि पूछकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत करने एवं सोशल मीडिया या टीवी का उपयोग केवल अपने जीवन को सफल बनाने के लिए करने की बात कही। एक छात्रा की मांग पर उन्होंने आगामी समय में वहां करियर काउंसलिंग करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ खाली समय में कुरुद स्थित अजय करियर एवं हेल्थ फाउण्डेशन जाकर अपनी ज्ञान लब्धि बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद यदु, वरिष्ठ भाजपाई सतीश जैन, भीमदेव साहू, संतोष यादव, धनीराम साहू, सरपंच पचपेड़ी फत्तेराम महार, कोर्रा सरपंच चोवाराम साहू, ग्रामीणजन संतोष यादव, विजयगिरी गोस्वामी, गणेश साहू, कृष्णन साहू, भावसिंग साहू, रेणुका साहू, कलावती निषाद, प्राचार्य रविन्द्र कोसरे के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में लगा मेडिकल कैंप

**कुरुद।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों और स्कूल के स्टॉफ को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक करना था। मेडिकल कैंप में शहर के जाने-माने डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जांच, आंखों की जांच, हृदय संबंधित जांच, दांत की सफाई और खून की जांच जैसी सेवाएं उपलब्ध थी। सभी बच्चों का हाइट वेट किया गया। स्वस्थ आहार ,सही मुद्रा और नियमित व्यायाम के महत्वकी जानकारी दी गई। लड़कियों की विशेष समस्या का निराकरण महिला विशेषज्ञ द्वारा किया गया।




इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ग्लोरिया मिंज ने कहा कि स्वास्थ्य सर्वोत्तम संपत्ति है और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। इस कैंप के माध्यम से हम बच्चों को न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।

कैंप में उपस्थित वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि यह एक शानदार पहल है जो बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी। नियमित जांच से कई बीमारियों की पहचान जल्द हो सकती है और इलाज समय पर किया जा सकता है। बच्चों ने भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में डॉक्टर से परामर्श लिया और कई महत्वपूर्ण टिप्स प्राप्त किए।

## आयुक्त ने उप अभियंता और वार्ड सुपरवाइजर को लगाई फटकार

- नेहरू गार्डन में जगह-जगह कचरे के ढेर, झूले और अन्य खेल उपकरण खराब मिले
- आयुक्त प्रिया गोयल ने नेहरू व मकई गार्डन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल मंगलवार की सुबह नेहरू गार्डन व मकई गार्डन पहुंचीं, साथ में उपायुक्त पी सी सार्वा भी मौजूद थे। आयुक्त गोयल ने यहां की अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नेहरू गार्डन की दयनीय स्थिति और रखरखाव में लापरवाही देखकर उन्होंने उप अभियंता और वार्ड सुपरवाइजर को आड़े हाथों लिया। आयुक्त गोयल ने निरीक्षण के दौरान पाया कि नेहरू गार्डन में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, घास काटी नहीं गई है, और पेड़-पौधों की देखरेख में भारी लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा, झूले और अन्य खेल उपकरण खराब मिले। आयुक्त ने उप अभियंता और वार्ड सुपरवाइजर को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि नेहरू गार्डन जैसे महत्वपूर्ण स्थल की यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि एक हफ्ते के अंदर सभी व्यवस्था दुरुस्त की जाएं।

आयुक्त गोयल ने योगा कर रहे नागरिकों से संवाद किया। गार्डन की व्यवस्थाओं से जुड़े सुझाव और शिकायतें सुनीं। नेहरू गार्डन का निरीक्षण करने के बाद आयुक्त प्रिया गोयल मकई गार्डन पहुंची। उन्होंने इस गार्डन को चिल्ड्रन पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर जोर दिया। आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को बुलाकर गार्डन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त ने गार्डन में सफाई, रोशनी, और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, शेडो आयुक्त वैष्णवी आदि मौजूद रहे।

## जाति, आय प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता खत्म करे सरकार : सोमेश



**धमतरी।** कांग्रेस पार्षद सोमेश मेश्राम ने बीजेपी सरकार की योजना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती और स्थायी आवासीय सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन इस योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया में कई तरह की दिक्कतें सामने आ रही हैं। आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों की अनिवार्यता ने लाभार्थियों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। बीजेपी सरकार ने इस योजना को गरीबों के लिए सुलभ बनाने का दावा किया था, लेकिन वास्तव में यह गरीबों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है। इस योजना में आवेदन करने के लिए दस्तावेजों की अनावश्यक मांग की जा रही है। कांग्रेस की भूपेश सरकार में यह प्रक्रिया सरल थी। जमीन के दस्तावेज के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जरूरत मंद लोगों को मिलता रहा है। आय और जाति प्रमाण पत्र जैसी शर्तों ने गरीबों को योजना का लाभ उठाने से रोक दिया है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## विधायक कार्यालय में मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विधायक कार्यालय में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आज के भारत के लिए जो सपना देखा था उसे हम सबको मिलकर पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता था। उन्होंने देश हित में विभिन्न कार्य किए जो आज भी स्मरणीय है। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भानेद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगरी भूषण साहू, विधायक प्रतिनिधि नपं भारत निर्मलकर, नपं नगरी पार्षद नगरी जियाउद्दीन रिजवी, जितेन्द्र ध्रुव, छोटू खानजी, महेन्द्र पाण्डेय, रूपेश साहू व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है : देवाशीष

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

- आमदी कालेज में हुई संगोष्ठी

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व एवं कार्यक्रम संयोजक अंकित बोधवानी के मार्गदर्शन में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विष्णु मरकाम अध्यक्ष आदिवासी गोंड़ समाज नपं आमदी, मुख्य वक्ता देवाशीष अग्रवाल अधिवक्ता, विशिष्ट अतिथि शिवा नेताम सदस्य आदिवासी गोंड़ समाज नपं आमदी थ। अध्यक्षता हेमंत माला अध्यक्ष नपं आमदी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री मरकाम ने कहा कि जनजाति समाज पुरातनकाल से ही प्रकृति पूजक रहा है। जनजाति समाज के इतिहास का अध्ययन व अध्यापन आज समय की मांग है। मुख्य वक्ता देवाशीष ने कहा कि जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।




हेमंत माला ने आदिवासी समाज का स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण सहयोग के बारे में नकारी दी। रानी दुर्गावती, भीमा नायक से लेकर भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, गुण्डाधुर आदि जनजाति समाज के बलिदानियों की चर्चा की। मुख्य अतिथि श्री मरकाम ने जनजाति समाज के सामाजिक आर्थिक आध्यात्मिक विषयों के साथ ही जनजाति समाज के समृद्ध ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डा चौबे ने कहा कि उनका प्रथम कर्मक्षेत्र कोंडागांव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र था जहां उन्होंने 7 वर्ष अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का अपना गौरवशाली इतिहास है जिसे आज सरकार आगे ला रही है और यह जनजाति समाज सहित सभी समाजों के लिए मिथक दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य है। डा गौकरणप्रसाद जायसवाल ने कहा कि इस संगोष्ठी को मनाने का उद्देश्य जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत को पूरी दुनिया के सामने लाना है।

मौके पर सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, डीगेश्वर, अतिथि व्याख्याता डॉ. उपमा, युगेश्वर प्रसाद साहू, गोपाल देवांगन, हेमेंद्र साहू, रमेश, तेजल यादव, मन्नू लाल साहू एवं कार्यालयीन स्टॉफ श्रीमती सविता गिलहरे उपस्थित थे। आभार व्यक्त श्री बोधवानी सहायक प्राध्यापक ने किया।

## खबर संक्षेप

### सशिमं रूद्री में मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई जयंती

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर रूद्री में रानी लक्ष्मी बाई की जयंती 19 नवम्बर को मनाई गई गया। मुख्य अतिथि संतोष साहू व विशिष्ट अतिथि भुजबल यादव थे। अतिथियों ने रानी लक्ष्मी बाई की वीरता से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। छात्राओं ने लक्ष्मी बाई पर गीत, भााषण व कविता की प्रस्तुति दी। कुछ छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में नजर आईं। मौके पर प्राचार्य पंकज साहू, त्रिभुवन सिंह, प्रेमलाल निषाद, नोहर साहू, परमेश्वर साहू, प्राथमिक परीक्षा प्रभारी शरद यादव व दिनेश्वरी साहू, अंजु साहू, टाकेश्वरी साहू, नविता सेन, बसंती यादव, दुर्गा निषाद, मीनाक्षी निषाद, गंगा साहू, सुन्ना निषाद, श्रवण यादव, राकेश सिन्हा, राजेन्द्र सार्वा उपस्थित थे।

### साय सरकार में जनता को लग रहा 440 वॉट का करंट : लेखराम

**अंवरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि साय



सरकार के आने से आमजनता को 440 वॉट का करंट लग रहा है जबकि भूपेश बघेल की सरकार में जनता को बिजली बिल में छूट दी गई थी। माह नवंबर में बिजली का बिल हाथ में आते ही जनता को झटका लग रहा है। बिल अधिक आने की शिकायत लेकर लोग बिजली दफ्तर पहुंच रहे हैं। आगे कहा कि राज्य सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। सुरक्षा निधि के नाम पर लूट मचा रखी है। भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना के लिए एक हजार देकर बिजली बिल और अनेक खादय पदार्थों के दाम में वृद्धि कर जनता को लूट रही है। राज्य में भाजपा सरकार आने पर सांय-सांय महंगाई बढ़ रही है।

### कोदापाखा में जनसमस्या निवारण शिविर 27 को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदापाखा में 27 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से ढाई बजे तक कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देश पर विकासखंडस्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत कोदापाखा मेड़ों, बागाचार पाऊरखेडा, सुखई, सिहारी, कर्रामाड़, खूटगांव, भंडारडिगी, हानपतरी एवं अन्य ग्रामों के ग्रामीण शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुरेंद्र बंजारे ने शिविर में जिला स्तरीय व क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### तकनीकी त्रुटि में किया सुधार 22 तक समय निर्धारित

**कांकेर।** जिले के 14 उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़, आमाबेड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरर, चारामा, हल्बा, दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, हरनगढ़, बांदे, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, सरोना और नरहरदेव में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संविदा कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए तकनीकी त्रुटि आ गई थी, जिसमें आवश्यक सुधार करके जिले की वेबसाइट के माध्यम से प्रेषित किया गया।

विभिन्न मांगों को लेकर जिले के 398 कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से निगम का कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले के नगरीय निकायों के 398 प्लेसमेंट कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। उनके हड़ताल पर चले जाने से निगम का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। पानी, बिजली, सफाई आदि कार्य प्रभावित हुए हैं।

संगठन के जिलाध्यक्ष अविनाश मारोठे ने बताया कि छग नगरीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनरतले धमतरी नगर निगम के 254, आमदी के 18, नगरी के 30, मगरलोड के 18, कुरूद के 60, भखारा के 18 प्लेसमेंट कर्मचारी मंगलवार से गांधी चौक मैदान में आंदोलन में बैठ गए हैं। उनका कहना है कि संघ की मांगें जब तक पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मांगों के संबंध में एक लंबे अर्से से संघर्षरत कर्मचारियों को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। प्लेसमेंट कर्मचारी नगरीय निकायों में तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के समकक्ष कार्य करते हैं। उनकी मांग है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग की तर्ज पर वेतन का भुगतान सीधा हो। इसके लिए शासन से किसी प्रकार के अतिरिक्त व्यय वहन नहीं करना पड़ेगा।

इधर प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से नगरीय निकायों के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। शहर में सफाई कार्य नहीं होने से जगह-जगह गंदगी नजर आई। जलापूर्ति कार्य में व्यवधान हुआ। आफिस से सबंधित कार्य प्रभावित हुए हैं। निगर निगम धमतरी में सन्नाटा पसरा हुआ था।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रघुवीर ठाकुर, अनुज रूसिया, उमेश साहू, टिकेश्वर साहू, हेमराज गजेंद्र, फिरोज खान, भेषन साहू, गिरधारीलाल, विकास चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, अतिश मिश्रा, आकाश गोस्वामी, लीलाधर निषाद, प्रवीण सोम, दीपक कुंभकार, सुरेश साहू, लोकेश साहू, योगेश साहू सहित सभी कर्मचारी हड़ताल में उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को रक्तदान के लिए किया जागरूक



■ विहिप, बजरंग दल ने हुतात्मा स्मृति दिवस पर हसदा नंबर 1 में रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा हुतात्मा (बलिदानी) स्मृति सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बजरंग दल के जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि 11 नवम्बर से 17 नवंबर तक पूरे प्रदेश में समाज की सेवा कर हुतात्माओं (बलिदानियों ) को याद किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धमतरी द्वारा ग्राम हसदा नंबर 1 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला संयोजक रवि कुमार साहू, जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी भूमिका कोर्राम, जिला गौरक्षा प्रमुख टोकेश साहू, दीपक साहू के साथ कार्यकर्ताओं ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान महादान का संदेश देते हुए ग्रामीणों को रक्तदान के लिए जागरूक किया।

जिला मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि रक्तदान से प्रेम और सामाजिक समरसता बढ़ती है। शारीरिक विकास के साथ आत्मिक शांति मिलती है। मानव का जीवन बचाने के लिए रक्त दान बहुत जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए।

जिला संयोजक रवि कुमार साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश में हुतात्मा स्मृति दिवस पर अलग अलग माध्यमो से सेवा कार्य विहिप, बजरंग दल द्वारा किया जा रहा है। इससे समाज में संगठन के प्रति जुड़ाव और प्रेम का संचार हो रहा है। जिला गौ रक्षा प्रमुख टोकेश साहू ने कहा कि समाज की सेवा के लिए केवल मन में भावना हो तो सब काम स्वतः पूर्ण हो जाता है।

## स्वयंसेवकों ने की महाविद्यालय परिसर की सफाई




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद पाठक के नेतृत्व एवं कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधि संचालित की गई। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में मुख्य भवन के गलियारे की सफाई, प्रवेश मार्ग में पड़े कूड़े - कचरे, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण, कटीले पौधे और खरपतवारों की सफाई, ग्रंथालय के समीप, आईटी भवन के समक्ष, कॉलेज कैंटीन के चारों ओर व मुख्य मार्ग में पड़े वृक्ष के पत्तों को साफ कर उसके उचित निपटारे की व्यवस्था की गई।

एनएसएस कक्ष की सफाई की गई। पौधों में पानी डाला गया। इस दौरान स्वयंसेवक संकेत कुमार, ओम मरकाम, संदीप, वीणा, अभिलाषा, परमानंद, लक्ष्मण, क्षमता, महिमा, दीपांशु, डिगंत राठी, गौरा पाण्डे उपस्थित थे।

## शिविर में रासेयो छात्रों ने किए कई रचनात्मक कार्य

■ विकसित भारत के लिए युवाओं को तैयार करने का आधार स्तंभ है रासेयो : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली का सात दिवसीय रासेयो शिविर ग्राम दर्री में आयोजित किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर तथा विभिन्न विषयों पर बौद्धिक परिचर्चा भी हुई।

मुख्य अतिथि प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा एवं सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए जो योजनाएं धरातल पर फलीभूत करने के लिए बनाते हैं, उसका वास्तविक आधार स्तंभ राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण स्थान है। शिविर में रासेयो छात्रों ने कई रचनात्मक कार्य किए। पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आज का युवा दिग्भ्रमित होकर अपने करियर को दांव पर लगा देता है, जिसे सही रास्ता पर लाकर उसके सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पाठशाला का कार्य करती है।

विशेष अतिथि सरपंच गीतेश्वरी साहू ने छात्राओं द्वारा पारिवारिक वातावरण के माध्यम से गांव में किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

मौके पर उपसरपंच शेखन साहू, पंच निरंजन साहू, कार्यक्रम अधिकारी डा. गणेश प्रसाद साहू, मंजूषा साहू व्याख्याता, गोपेश्वर साहू सह कार्यक्रम अधिकारी, गंगा बाई कुम्भकार, पेमिन साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष अशोक साहू, संरक्षक रामदयाल साहू, सचिव चंद्रेश साहू, नेतराम कुंभकार, माखन यादव उपाध्यक्ष, डोमन कोसरिया, अर्जुन दास मानिकपुरी, दशरथ साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुजगहन के सभी 4 बूथ में अध्यक्ष चुने गए



**धमतरी।** आमदी मंडल के रत्नाबांधा शक्ति केंद्र के ग्राम मुजगहन के बूथ क्रमांक 99, 100, 101 एवं 102 में बूथ अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्वाचन प्रभारी कविंद्र जैन ने निर्वाचन संपन्न कराया। बूथ क्रमांक 99 के अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक संतोष साहू ने ईश्वरलाल सेन का नाम प्रस्तावित किया। इस प्रकार ईश्वर लाल सेन अध्यक्ष चुने गए। बूथ क्रमांक 100 में बूथ अध्यक्ष हेतु मुरारी सिन्हा सर्व सम्मति से चुने गए। बूथ क्रमांक 101 से भूमेश कुमार साहू सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बूथ क्रमांक 102 से विनोद कुमार साहू अध्यक्ष बने। बैठक में जनपद सदस्य धनेश्वरी साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी राजकुमार तिवारी, खिलेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## शेडो अधिकारियों ने शासन के कामकाज को बारीकी से समझा

■ सीसी रोड, प्रधानमंत्री आवास योजना, फूड कोर्ट माल संबलपुर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को विभागीय कामकाज और विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं और संचालित कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए शेडो ऑफिसर की भूमिका प्रदान की गई।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा की छात्रा कुमारी द्रौपदी निषाद एक दिन के लिए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में शेडो अधिकारी बनी।

इसी तरह उपसंचालक पंचायत विभाग के रूप में शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की छात्रा आरती ध्रुव एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकरी धमतरी शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भोथली की छात्रा प्रियंका बनी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने शेडो अधिकारी कुमारी द्रौपदी निषाद एवं आरती ध्रुव को कार्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, रूर्बन मिशन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज को बड़ी ही बारीकी से समझाया। उन्होंने कुमारी द्रौपदी निषाद को जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हमारा शौचालय हमारा सम्मान के शुभारंभ पर विश्व शौचालय दिवस की जानकारी दी।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शेडो ऑफिसर को अपने साथ ग्राम पंचायत संबलपुर भी ले गई। सरपंच एवं विभागीय अधिकारी के माध्यम से मेरी पंचायत मेरा अधिकार जन सेवाएं, सिटीजन चार्टर संबंधी जानकारी जनहित में प्रसारित जैसे जन्म मृत्यु का पंजीयन, विवाह का पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र जारी करना मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, भवन निर्माण मरम्मत अनुज्ञा, नल कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, गरीबी रेखा प्रमाण पत्र जारी करना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना नवीन प्रकरणों में पेंशन स्वीकृति, पेंशन स्वीकृत नवीन आवेदन के पेंशन स्वीकृत, श्रद्धांजलि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

शेडो अधिकारी द्वारा सीसी रोड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास एवं आंगनबाड़ी केन्द्र, आंचल महिला संकुल स्तरीय संगठन संबलपुर, फूड कोर्ट माल संबलपुर का भी निरीक्षण किया गया। बच्चों को दी जाने वाली पोषण आहार की जानकारी ली गई। इस अवसर पर राजेश चन्द्राकर सरपंच संबलपुर, दीपक ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी, लक्ष्मण साहू अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रेम सिन्हा विकासखंड समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा



**धमतरी।** भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सदस्य व पूर्व विधायक आरंग नवीन मार्कंडेय का धमतरी रेस्ट हाउस में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने आत्मीय स्वागत किया एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## एनएसयूआई ने प्राचार्य से कालेज की समस्याओं पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य विनोद पाठक से एनएसयूआई ने मुलाकात कर महाविद्यालय से जुड़े कई मुद्दों और समस्याओं पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष नोमेश सिन्हा, एसएम संयोजक टिकेंद्र सिन्हा, रूपेश साहू, दीपक खापर्डे, दिगंत राठी, ओमप्रकाश नेताम, संजय साहू, नरेंद्र साहू, दिव्यांशु उपस्थित थे।







